अर्द्धवार्षिक परीक्षा

MVP

कक्षा- 11

समय : घण्टे | सामान्य हिन्दी | पूर्णांक : 100

आलोकः सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छतापूर्वक दीजियेः-

(खण्ड-क)

1. बहुविकल्पीय प्रश्नः- 5

(क) 'श्रृंगाररस मण्डन' के रचनाकार हैं:-
(अ) गोस्वामी विट्ठलनाथ (ब) सूरदास
(स) विद्यापति (द) गोस्वामी तुलसीदास

(ख) 'प्रेमसागर' के रचनाकार हैं:-
(अ) सदासुख लाल (ब) सदलमिश्र
(स) इंशाअल्ला (द) लल्लू यादव

(ग) 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक थे:-
(अ) महावीर प्रसाद (ब) प्रतापनारायण मिश्र
(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (द) राधाकृष्णदास

(घ) सरदार पूर्ण सिंह का जन्म हुआ:-
(अ) 1818 ई. (ब) 1820 ई. (स) 1881 ई. (द) 1885 ई.

(ङ) 'रत्नावली' के रचनाकार थे:-
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) सरदार पूर्ण सिंह
(स) महावीर प्रसाद द्विवेदी (द) रामचन्द्र शुक्ल

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

2. (क) आदिकाल का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है- 5
(अ) रामचरित मानस (ब) कामायनी
(स) पृथ्वीराज रासो (द) खुमाण रासो

(ख) 'आल्हाखण्ड' के रचनाकार थे-
(अ) जगनिक (ब) प्रेमचन्द स) चन्द्रवरदायी (द) नरपति

(ग) 'विद्यापति' किस काल के कवि थे-
अ) आदिकाल ब) रीतिकाल स) आधुनिक काल द) छायावाद

(घ) किस काव्यधारा में सखा भाव की प्रधानता है-
अ) रामभक्ति ब) ज्ञानमार्गी स) कृष्ण भक्ति द) निर्गुण भक्ति

(ङ) नानकदेव किस शाखा के कवि थे-
अ) प्रेममार्गी ब) ज्ञानमार्गी स) सूफी द) कृष्णभक्ति

3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजियेः- 10

प्रेम की भाषा शब्द रहित है। नेत्रों की, कपोलों की, मस्तक की भाषा भी शब्द रहित है। जीवन का तत्व भी शब्द से पर है। सच्चा आचरण - प्रभाव- शील अचल-स्थित, संयुक्त आचरण- न तो साहित्य के लम्बे व्याख्यानों से गठा जा सकता है, न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से, न अंजील से, न कुरान से, न धर्मचर्चा से, न केवल सत्संग से। जीवन के अरण्य में धंसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मंद-मंद चोटों की तरह आचरण का रूप प्रत्यक्ष होता है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम बताइये।
(ख) लेखक ने प्रेम की भाषा को कैसा बताया है?
(ग) लेखक ने आचरण की सभ्यता की उपमा किससे दी है?
(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।

P.T.O.

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:- 10

बलिहारी गुरु आपणै, घोहाड़ी के बार।
जिनि मानिष तै देवता, करत न लागी बार।।
सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावणहार।

(क) प्रस्तुत पद्यांश के कवि एवं शीर्षक का नाम लिखिए।
(ख) कवि किस पर न्यौछावर होना चाहता है, और क्यों?
(ग) कवि ने सतगुरु की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया है?
(घ) 'दिखावणहार' शब्द का क्या आशय है?

5. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिये:- 5
भारतेन्दु हरिश्चन्द, महावीर प्रसाद द्विवेदी, सरदार पूर्ण सिंह

6. 'सूतपुत्र' नाटक के द्वितीय अंक का सारांश लिखिए। 5

7. 'बलिदान' कहानी की कथावस्तु लिखिए। 5

(खण्ड-ख)

8. (क) निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिये:- 7
ऋषेः भरद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति। यत्र पुरा दशसहस्रमिताः विद्यार्थिनः अधीतिनः आसन्। पितुः आज्ञां पालयन् पुरुषोत्तमः श्रीरामः अयोध्यायाः वनं गच्छन् 'कुत्र मया वस्तव्यम्' इति प्रष्टुम् अत्रैव भरद्वाजस्य समीपम् आगतः।

(ख) निम्नलिखित श्लोक का हिन्दी अनुवाद कीजिये:- 7
आचाराल्लभते ह्यायुराचाराल्लभते श्रियम्
आचारात् कीर्तिमाप्नोति पुरुषः प्रेत्य चेह च।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

9. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये:- 4
(क) छक्के छुड़ाना (ख) घोड़े बेचकर सोना

10. सन्धिविच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए:- 4
(क) नयनम्
(अ) नै+अनम् (ब) नय+नम् (स) न+यनम् (द) ने+अनम्
(ख) इत्यादि
(अ) इत्य+आदि (ब) इति+आदि (स) इ+आदि (द) इत्या+दि

11. (क) शब्द युग्मों का सही अर्थ लिखिए। 4
अ) वसन-व्यसन ब) अन्न-अन्य
(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अन्य अर्थ लिखिए- 4
कर, अर्क, वर, अलि
(ग) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए- 4
अ) उपकार को न मानने वाला। ब) जो स्त्री कविता लिखती हो
(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए 4
(अ) कृपया अवकाश देने की कृपा करें।
(ब) मुझे उपरोक्त नियम स्वीकार है।

12. (क) 'हास्य' अथवा 'वीर' रस की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट करो। 5
(ख) 'उपमा' अथवा 'यमक' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट लिखें। 5

13. नगर निगम अधिकारी को सड़क के टूटे होने की शिकायत एवं मरम्मत हेतु एक पत्र लिखिए। 7